दैनिक
नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

आज का मौसम

भोपाल	↑ 37.5°	↓ 18.5°
इंदौर	↑ 36.6°	↓ 22.8°
ग्वालियर	↑ 34.9°	↓ 20.4°
जबलपुर	↑ 34.7°	↓ 20.0°

सूर्योदय- 5.53 सूर्यास्त-6.46

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए रहाणे 11

वर्ष- 76 (भोपाल: वर्ष 38 अंक 144, पृष्ठ 12) बुधवार 26 अप्रैल 2023 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com

राज्यों का विकास ही देश की प्रगति का परिचायक : मोदी

केरल में किया 3,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सहकारी संघवाद पर ध्यान केंद्रित करती है और उसका मानना है कि राज्यों का विकास ही देश की प्रगति का परिचायक है। नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने सेंट्रल स्टेडियम में इन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में कोच्चि वाटर मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित करना, विभिन्न रेल परियोजनाओं और तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखना शामिल हैं।

श्री मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के लोगों की कड़ी मेहनत एवं विनम्रता उनकी विशिष्ट पहचान को परिलक्षित करती है तथा वे वैश्विक परिदृश्य को समझने में सक्षम हैं और इस बात की सराहना करते हैं कि मुश्किलों के बीच विकास का जीवंत प्रतीक माने जाने के साथ ही भारत के विकास के वादे को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम एक सेवा-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। देश तभी तेज गति से प्रगति कर सकता है जब केरल का भी विकास हो। उन्होंने कहा कि देश के बढ़ते कद की मुख्य वजह केंद्र सरकार के वैश्विक प्रयास हैं , जिससे विदेशों में निवासरत केरलवासियों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यापक गति और पैमाने पर काम किया गया है तथा इस साल के बजट में भी ढांचागत संरचनाओं पर 10 लाख करोड़ से ज्यादा खर्च करने का प्रस्ताव है। सार्वजनिक परिवहन और रसद क्षेत्र देश में पूरी

तरह से बदल रहा है। हम भारतीय रेलवे के स्वर्ण युग की ओर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक जितनी भी वंदे भारत ट्रेनें हैं, वे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन महत्व के स्थानों को जोड़ रही हैं। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन राज्य के उत्तरी हिस्से को दक्षिण भाग से जोड़ेगी। यह ट्रेन कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर और कन्नूर जैसे तीर्थ स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनायेगी। उन्होंने सेमी-हाइब्रिड ट्रेन, रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, रो-रो फेरी और रोपवे जैसे समाधानों को सूचीबद्ध किया ताकि कनेक्टिविटी के लिए स्थिति-विशिष्ट समाधानों को चित्रित किया जा सके। उन्होंने मेड इन इंडिया , वंदे भारत और मेट्रो कोचों के स्वदेशी डिजायन तथा छोटे शहरों में मेट्रो-लाइट और अर्बन रोपवे जैसी परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कोच्चि वाटर मेट्रो को मेड इन इंडिया परियोजना का हिस्सा बताते हुए इसके वास्ते बंदरगाहों के विकास के लिए कोच्चि शिपयार्ड को (शेष पेज 2 पर)

केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। यह सेवा तिरुवनंतपुरम और कासरगोड के बीच शुरू की गई है। वंदे भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत एक स्वदेशी उत्पादन है। इसमें बेहतर सवारी-आराम, ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए कवच संगत, चेयर-कारों में एर्गोनोमिक रिक्लाइनिंग सीटें, बेहतर इंटीरियर, बेहतर अग्नि सुरक्षा, कोचों में सीसीटीवी और गार्ड एवं ड्राइवर के साथ बात करने की सुविधा जैसी कई उन्नत सुविधाएँ हैं। ट्रेन ने प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वंदे भारत ट्रेन 11 केरल के जिलों- तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड को कवर करेगी। यह 8 घंटे 5 मिनट में 586 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) चलेगी। कोचों की (शेष पेज 2 पर)

ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान में फंसे भारतीयों का पहला जत्था रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)।

हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के अभियान आपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों का जत्था आईएनएस सुमेधा पर सवार होकर वहां से जेद्दा के लिए रवाना हो गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि जहाज 278 लोगों को लेकर सूडान के बंदरगाह से सऊदी अरब के शहर जेद्दा के लिए रवाना हुआ।

बागची ने ट्वीट किया कि आपरेशन कावेरी के तहत सूडान में फंसे भारतीयों का पहला जत्था रवाना हो गया। आईएनएस सुमेधा पर सवार होकर 278 लोग सूडान के बंदरगाह से जेद्दा के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को ऑपरेशन कावेरी शुरू किया। सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक समूह के बीच सत्ता हासिल करने के लिए भीषण संघर्ष जारी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू हो गया है। भारतीय जहाज और विमान भारतीयों को स्वदेश लाने के लिये तैयार हैं। ज्ञात हो कि रविवार को भारत ने कहा था कि हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों को इस अफ्रीकी देश से सुरक्षित रूप से निकालने की अपनी आकस्मिक योजना के तहत जेद्दा में दो सी-130जे सैन्य परिवहन विमान उड़ान भरने के लिए तैयार रखे गए हैं। साथ ही, भारतीय नौसेना के एक जहाज आईएनएस सुमेधा को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बंदरगाह पर रखा गया था। शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान से 3000 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालने की आकस्मिक योजनाओं की तैयारी के निर्देश दिये थे। सूडान में वहां की सेना और एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच पिछले 12 दिनों से जारी भीषण लड़ाई में 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

वहीं, युद्धग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को बचाने के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन कावेरी का नेतृत्व करने के लिए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन जेद्दा के लिए रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे निर्देश वह इस यात्रा पर गये है। केंद्रीय मंत्री मंगलवार सुबह जेद्दा पहुंचेंगे। गृहयुद्ध की मार झेल रहे सूडान में फंसे मलयाली लोगों समेत भारतीयों को निकालने का अभियान जारी है। नौसेना का आईएनएस सुमेधा इस मिशन के तहत सूडान बंदरगाह पहुंचा है। लगभग 500 भारतीयों को बंदरगाह के शहर पोर्ट सूडान लाया गया है। भारतीय वायुसेना का सी130जे विमान सऊदी अरब के जेद्दा एयरपोर्ट पर तैयार खड़ा है।

आज का मैच

बेंगलौर V/s कोलकाता

चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में समय- शाम 7.30 बजे से ।

खास-खबरें...

पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का निधन

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को निधन हो गया। वह 95 साल के थे और बीते लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता को बीते कई दिनों से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। सांस की दिक्कत की वजह से ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रकाश सिंह बादल ने मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे आखिरी सांसे ली। बता दें कि अकाली दल के वरिष्ठ नेता पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे थे, सुखबीर सिंह बादल उनके बेटे हैं। प्रकाश सिंह बादल का जन्म दिसंबर 1927 में पंजाब के एक छोटे से गांव में हुआ था।

एनआईए ने पीएफआई कैडरों के खिलाफ 4 राज्यों में कई जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कैडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बार फिर से एनआईए ने बड़ा एक्शन लिया। यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश की 17 लोकेशन पर एनआईए में छापेमारी की। जांच एजेंसियों को विशेष इनपुट मिला था कि अभी भी पीएफआई संगठन गैरकानूनी काम कर रहा है. इसके बाद एक सात एनआईए की कई टीमें 17 जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रतिबंधित पीएफआई संगठन से जुड़ी गतिविधियों की जांच के लिए टीम वहां पहुंची है. प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े दरभंगा शहर के उर्दू बाजार स्थित दंत चिकित्सक डॉ. सारिक रजा व सिंघवारा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी महबूब के यहां छापेमारी की जा रही है। बिहार के एक अन्य स्थान मोतिहारी में एनआईए की टीम ने पूर्वी चंपारण जिले के चकिया अनुमंडल के कुआंवा गांव में छापेमारी की। पीएफआई से जुड़े एक मामले में सज्जाद अंसारी के आवास पर छापेमारी की जा रही है।

कांग्रेस सत्ता में आई तो कर्नाटक में दंगे होंगे : शाह

बागलकोट (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में परिवारवाद की राजनीति चरम पर होगी और वह दंगों की चपेट में रहेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस के सरकार बनाने पर राज्य में अभी तक हुआ विकास 'रिवर्स गेयर' में चला जाएगा।

कर्नाटक में लोगों से राजनीतिक स्थिरता के लिए मतदान करने की अपील करते हुए शाह ने इस जिले के तेरदल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही

राज्य को नया कर्नाटक बनाने की दिशा में आगे ले जा सकती है। पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों तथा प्रचारकों में से एक शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो परिवारवाद की राजनीति चरम पर होगी और कर्नाटक दंगों की चपेट में रहेगा। शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस गलती से सत्ता में आ जाती है तो भ्रष्टाचार चरम पर होगा और तुष्टीकरण होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के फैसले का मंगलवार को बचाव करते हुए कहा कि पार्टी ने कभी धर्म आधारित आरक्षण में विश्वास नहीं किया।

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सत्ता में आने पर आरक्षण बहाल करने के कांग्रेस के रुख पर भी निशाना साधा. शाह ने तेरदल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण (शेष पेज 2 पर)

हिमाचल में प्रवासियों के लिए आयोग गठित करने की मांग

शिमला (एजेंसी)। प्रवासी भारतीयों के लिए एक एनआरआई आयोग गठित करने की मांग करते हुए हिमाचली प्रवासी ग्लोबल एसोसिएशन (एचपीजीए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक भाग्य चंद्रा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से यहां मुलाकात की और उन्हें एचपीजीए की मांगों से अवगत कराया, जिसके 17 देशों में सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने देश के बाहर राज्य की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एचपीजीए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार विदेशों में रह रहे हिमाचल के लोगों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है।

सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पड़ोसी से जुड़ना मुश्किल: जयशंकर

नई दिल्ली (एजेंसी) । विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे पड़ोसी से जुड़ना मुश्किल है जो भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है।

जयशंकर, जो इस समय उत्तर और दक्षिण अमेरिका के अपने चार देशों के दौरे पर पनामा में हैं, ने उम्मीद जताई कि एक दिन ऐसा वक्त आएगा, जब पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। पनामा के अपने समकक्ष के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान, मंत्री ने कहा कि हमारे लिए एक ऐसे पड़ोसी के साथ जुड़ना बहुत मुश्किल है जो हमारे खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। हमने हमेशा कहा है कि उन्हें सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करने की प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। हमें उम्मीद है कि एक दिन हम उस मुकाम पर पहुंचेंगे। यात्रा के हिस्से के रूप में, जयशंकर ने पहले गुयाना का दौरा किया, जिसके बाद वो पनामा गए। उनका कोलम्बिया (25-27 अप्रैल) और डोमिनिकन गणराज्य (27-29 अप्रैल) में रुकने का भी कार्यक्रम है।

मानहानि मामले में राहत के लिए गुजरात हाई कोर्ट पहुंचे राहुल

अहमदाबाद (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरनेम मामले में मिली सजा पर रोक के लिए गुजरात हाई कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने हाई कोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। सूरत सेशन कोर्ट ने 20 अप्रैल को राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि 23 मार्च को सूरत में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की एक अदालत ने एक चुनावी रैली में की गई मोदी सरनेम संबंधी टिप्पणी को लेकर दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल ने 13 अप्रैल, 2019 को एक चुनावी रैली में में कहा था, सभी चोरों का समान उपमान मोदी ही कैसे है? राहुल गांधी को बाद में इस मामले में जमानत मिल गई थी। इसके बाद उन्होंने अपनी सजा के आदेश को चुनौती देते हुए 3 अप्रैल को सूरत सेशन कोर्ट का रुख किया।

सीबीआई ने पहली बार चार्जशीट में सिसोदिया को नामजद किया

नई दिल्ली (एजेंसी) । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली शराब नीति मामले में मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल, हैदराबाद के सीए बुचीबाबू गोरंटला और अर्जुन पांडे नाम के व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। सीबीआई द्वारा इस मामले में मंगलवार को दायर दूसरे पूरक आरोपपत्र में इन चारों को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं। सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में पहली बार सिसोदिया का नाम लिया है, जो लगभग दो महीने से न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने इससे पहले इसी मामले में सात लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इससे पहले सीबीआई ने कोर्ट में मनीष सिसोदिया को दिल्ली शराब घोटाले का मास्टरमांडड बताया है। बताते चलें की सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

70 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज विद्यालयों के लिए 2847 करोड़ 63 लाख स्वीकृत

मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने स्कूल शिक्षा के प्रस्ताव और परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा अनुसार प्रदेश में 70 सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों के लिये अनुमानित लागत 2847 करोड़ 63 लाख रूपये से निर्माण किये जाने का निर्णय लिया।

प्रदेश में सी.एम. राइज योजना के प्रथम चरण में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 275 विद्यालय विकसित किये जा रहे हैं। मंत्रि-परिषद द्वारा पन्ना जिले की रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना लागत राशि 513 करोड़ 72 लाख रूपये, सैंच्य क्षेत्र 14 हजार 450 हेक्टेयर की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के 47 ग्रामों के 14 हजार 450 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मझगाँय मध्यम सिंचाई परियोजना लागत राशि 693 करोड़ 64 लाख रूपये सैंच्य क्षेत्र 13 हजार 60 हेक्टेयर रबी की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के 38 ग्रामों के 13 हजार 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मंत्रि-परिषद ने देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक प्रतिष्ठान इन्दौर को ग्राम कस्बा इंदौर में 1.215 हेक्टेयर भूमि का नि:शुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेश 31 फरवरी 2023 का अनुसमर्थन किया। नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि के धारकों के धारणाधिकार संबंधी मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना में नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर काबिज व्यक्तियों की पट्टा हेतु पात्रता अवधि (अधिभोग की तिथि) में वृद्धि कर 31 दिसम्बर, 2014 से बढ़ा कर 31 दिसम्बर, 2020 की जाये। नगरीय (शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर *सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को करेगा पहलवानों की याचिका पर सुनवाई...*

याचिका पर सुको ने दिल्ली पुलिस को भेजा नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी) । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पहलवानों की उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों की याचिका में यौन शोषण के गंभीर आरोप हैं। शुक्रवार तक जवाब देने के लिए नोटिस जारी करें। पहलवानों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और नरेंद्र हुड्डा ने खंडपीठ के समक्ष याचिका लगाई थी। सिब्बल ने कहा कि यह पहलवानों का मामला है और वे धरने पर बैठे हैं।

सात महिलाओं ने शिकायत की है और एक नाबालिग भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है और महिला पहलवानों द्वारा कथित यौन उत्पीड़न को लेकर सिंह के खिलाफ याचिका दायर की गई है।सुनवाई के दौरान सिब्बल ने दलील दी कि कमेटी की एक रिपोर्ट है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। चीफ जस्टिस ने सिब्बल से केस के कागजात दिखाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि कृपया नाबालिग की शिकायत देखें। युवा लड़की ने स्वर्ण पदक जीता था और यहां तक कि प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए पुलिस कर्मियों पर भी मुकदमा चल सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालत को इन आरोपों को देखना चाहिए। दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। याचिका के अनुसार, पहलवानों ने कुश्ती संघ अध्यक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में अत्यधिक देरी का हवाला दिया और अदालत से पुलिस को मामला दर्ज करने का निर्देश जारी (शेष पेज 2 पर)

बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन जेल से बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी) । बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन के जेल से बाहर आने की सुचना से वहां की राजनीति गरमा गई है। उनकी रिहाई को लेकर कई नेताओं ने नितीश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, लेकिन भाजपा ने आनंद मोहन को लेकर अब तक कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिहार के भाजपा नेता खुलकर आनंद मोहन का विरोध क्यों नहीं कर पा रहे हैं। सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि आखिर नीतीश कुमार ने ऐसा क्यों किया?

दरअसल आनंद मोहन की रिहाई कराकर नितीश कुमार ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। आनंद मोहन बिरादरी से राजपूत हैं। बिहार में राजपूत जहाँ आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हैं वहीं राजनैतिक रूप से भी बहुत ज्यादा सक्रीय हैं। भले ही देश के किसी राज्य में जाति के आधार वोटिंग न करने की बात की जाती हो, लेकिन बिहार में आज भी जाति और धर्म के आधार पर खूब वोटिंग होती है।